भक्तो के घर आई मैया,
करने मन की बात,
लगा लो जयकारा,
देकर दर्शन माँ ने कर दी,
ममता की बरसात
लगा लो जयकारा,
भक्तों के घर आई मैया,
करने मन की बात,
लगा लो जयकारा।।

तर्ज सर पर टोपी लाल हाथ में।

बड़ी ही दयालु भवानी,
आदीशक्ति अम्बे रानी,
शेर की सवारी है,
पहाड़ों पे रहने वाली,
झोलियों को भरने वाली,
मैया प्यारी प्यारी है,
उसकी चांदी चांदी जिसके,
सर पे इनका हाथ,
लगा लो जयकारा,
भक्तों के घर आई मैया,
करने मन की बात,
लगा लो जयकारा।।

माँ की किरपा जब होती,
जलती है पावन ज्योति,
दूर अन्धकार हो,
जिसे चाहती है माता,
वही माँ के दर पे आता,
मैया का दीदार हो,
दामन भर देती है देकर,
खुशियों की सौगात,
लगा लो जयकारा,
भक्तों के घर आई मैया,
करने मन की बात,
लगा लो जयकारा।।

नौ नौ रूप जगदम्बा के,
प्यारा प्यारा दर्शन पाके,
होते खुशहाल हम,
करते हैं पूजन वंदन,
आठों याम करते सुमिरण,
होते निहाल हम,
चोखानी संग अन्नू करती,
भजनो की बरसात,
लगा लो जयकारा,
भक्तों के घर आई मैया,
करने मन की बात,
लगा लो जयकारा।।

भक्तो के घर आई मैया,
करने मन की बात,

लगा लो जयकारा,
देकर दर्शन माँ ने कर दी,
ममता की बरसात
लगा लो जयकारा,
भक्तों के घर आई मैया,
करने मन की बात,
लगा लो जयकारा।।

Singer Annu Ji Chaddha

Source:
https://www.bharattemples.com/bhakto-ke-ghar-aayi-maiya-karne-man-ki-baat/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw